संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं
मध्यप्रदेश

क्रमांक / 4 / कार्या.स्था / सेल–3 / 2020 / 1739 भोपाल, दिनांक 08/09/2020

प्रति,

समस्त अपर संचालक
मुख्य अभियंता,
समस्त संयुक्त संचालक
कार्यपालन यंत्री
समस्त उप संचालक,
स्थानीय कार्यालय।

विषयः– आकस्मिक एवं अन्य अवकाश की सूचना के संबंध में।

***

दिनांक 28.08.2020 को आयुक्त स्वास्थ्य द्वारा कार्यालय की शाखाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया इस दौरान अनेक कर्मचारी एवं सलाहकार निर्धारित कार्यालयीन समय के उपरांत कार्यालय उपस्थित नहीं पाये गये तथा कई कर्मचारी के अवकाश पर होने की जानकारी प्राप्त हुई। इस बावत् जानकारी प्राप्त करने पर उनके अवकाश पर जाने की सूचना उपलब्ध नहीं हुई।

**अतः निर्देशित किया जाता है किः–**

1. समस्त अधिकारी / सलाहकार / कर्मचारी प्रातः 10:30 बजे तक अनिवार्य रूप से कार्यालय में प्रतिदिन अपनी उपस्थिति देगें।
2. आपके अधीनस्थ कार्यरत् कर्मचारी एवं सलाहकार बिना अवकाश की स्वीकृति के प्रस्थान नहीं करेगें।
3. आप अवकाश के आवेदन तत्काल अनुशंसा सहित उप संचालक, कार्यालय स्थापना को अंकित करेगें।
4. अपने स्तर से किसी भी कर्मचारी एवं सलाहकार का अवकाश स्वीकृत / अवकाश पर प्रस्थान करने की अनुमति प्रदान नहीं करेगें।
5. सक्षम अधिकारी की स्वीकृति उपरांत ही कर्मचारी एवं सलाहकार अवकाश पर प्रस्थान करेगें।
6. आकस्मिक निरीक्षण के दौरान किसी भी कर्मचारी / सलाहकार का अवकाश आवेदन ग्राहय नहीं किया जावेगा।
7. आकस्मिक कार्य आने पर अधिकारी / कर्मचारी नियंत्रण अधिकारी को ऑनलाईन / व्हाट्सएप से अवकाश की सूचना देगें। परन्तु नियंत्रण अधिकारी अपने अधीनस्थ के अवकाश संबंधी आवेदन कार्यालय स्थापना को टीप के साथ भेजगें।

**उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जावें।**

**स्वास्थ्य आयुक्त द्वारा अनुमोदित।**

अपर संचालक(प्रशासन)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
मध्यप्रदेश

**निरन्तर......**

पृ.क्र/4/कार्या.स्था/सेल–3/2020/1740 भोपाल, दिनांक 08 /09/2020

**प्रतिलिपि :–सूचनार्थ आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. संचालक, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, स्थानीय कार्यालय।
2. उप संचालक, कार्यालय स्थापना, स्थानीय कार्यालय।
3. समस्त निज सहायक, स्थानीय कार्यालय।
4. समस्त शाखा प्रभारी स्थानीय कार्यालय।
5. प्रभारी, एम.आई.एस.सेल की ओर विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु अग्रेषित।
6. सुपरवाईजर/जमादार, स्थानीय कार्यालय।
7. सेल–1 एवं सेल–2, कार्यालय स्थापना शाखा, स्थानीय कार्यालय।

8/9/20

अपर संचालक(प्रशासन)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
मध्यप्रदेश